>

Title: Need to ensure procurement of wheat from farmers at remunerative price in Faizabad and Barabanki districts of Uttar Pradesh.

**डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद):** मैं भारत सरकार, राज्य सरकार व अन्य विभिन्न संबंधित एजेंसीयो का ध्यान किसानों की गेहूं की फसल की उचित ढंग से खरीद न हो पाने की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं।

गेहूं क्रय केन्द्रों पर मेरे लोक सभा क्षेत्र के जनपद फैजाबाद व बाराबंकी (उ.प्र.) में किसानों की उपज (गेहूं) की खरीद नहीं हो पा रही है जबकि बाजार में कम दाम पर वह अपनी उपज बेचने पर मजबूर हो रहा है। यदि किसी भी सामान जैसे बोरे आदि की कमी हो तो उसे तत्काल पूरा किया जाए। केन्द्र सरकार द्वारा किसानों का उनकी उपज का अच्छा समर्थन मूल्य घोषित किए जाने से ही आज उपज पैदावार काफी बढ़ी है। अब यह देखना भी सरकार की जिम्मेदारी होगी कि गरीब किसान को उसकी उपज की कीमत मिल सके।

भविष्य के लिए अनाज भंडारण की भी समस्या को दूर करने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि अनाज खुले पर पड़ा रहकर बर्बाद न होने पाए।